अलवर में शुरू हुआ प्रदेश का पहला नि:शुल्क टेली मेडिसिन और आत्मविश्वास केंद्र

चर्चा में क्यों?

10 दिसिंबर, 2021 को राज्य के सामाजिक कल्याण व अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर ज़िले में नेक कमाई समूह की ओर से अंत्योदय फाउंडेशन के सहयोग से संचालित प्रदेश के पहले गैर-सरकारी नि:शुल्क टेली मेडिसिन सेंटर आत्मविश्वास केंद्र का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि अलवर ज़िला मुख्यालय पर यह नवाचार किया जा रहा है। यहाँ सामाजिक कल्याण विभाग की सभी योजनाएँ संचालित होंगी और यह प्रयोग सफल होने पर इसे पूरे प्रदेश में जन-सहभागिता से लागू किया जाएगा।
- उन्होंने कहा कि अलवर ज़िले में सामाजिक कल्याण विभाग की योजनाओं का लाभ हर गरीब और ज़रूरतमंद को मिले, इसके लिये स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा। इसके लिये अलवर ज़िले के हर ब्लॉक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जाएंगे।
- एनईबी हाउसिंग बोर्ड में कुंती अग्रवाल के निर्देशन में संचालित आत्मविश्वास केंद्र में टेली-मेडिसिन सेंटर में मंत्री जूली ने समाज सेवा के लिये कुंती अग्रवाल, बबली शर्मा और डॉ. कुमुद गुप्ता को सम्मानित किया।
- इसी प्रकार दाउदपुर में गुरु नानक कॉलोनी स्थित आत्मविश्वास केंद्र पर समाज सेवी गुरुप्रीत सिंह, सोनम कौर एवं संचालिका जगमीत कौर का सम्मान किया गया।
- आत्मविश्वास केंद्रों में डॉ. गोपाल राय चौधरी ट्रस्ट की ओर से महिलाओं के लिये सेनेटरी नैपकीन सहित वस्त्र व गर्म कपड़े प्रदान किये जाएंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-s-first-free-telemedicine-and-self-confidence-center-started-in-alwar